**अंतरिक्ष विभाग, भारत सरकार**
**Department of Space, Government of India**
**भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो)**
**INDIAN SPACE RESEARCH ORGANISATION [ISRO]**
**इसरो केंद्रीकृत भर्ती बोर्ड (आइ.सी.आर.बी.)**
**ISRO CENTRALISED RECRUITMENT BOARD [ICRB]**

# सिविल, विद्युत, प्रशीतन एवं वातानुकूलन तथा वास्तुकला में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' की भर्ती

# *RECRUITMENT OF SCIENTIST/ENGINEER `SC' IN CIVIL, ELECTRICAL, REFRIGERATION & A/C AND ARCHITECTURE*

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/ अंतरिक्ष विभाग के सभी केंद्र/यूनिट प्रमोचनयान तथा संचार /सुदूर संवेदन उपग्रहों की डिजाइन तैयार करने, उनका निर्माण करने और तत्पश्चात उनका प्रमोचन करने के लिए आत्मनिर्भरता हासिल करके और क्षमता का विकास करके पूरे समाज के लाभ और देश की सेवा के लिए अंतरिक्ष अनुप्रयोग अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास क्रियाकलापों में कार्यरत हैं।

Indian Space Research Organisation/Department of Space Centres/Units are engaged in Research and Development activities in the realm of Space Application, Space Science and Technology for the benefit of society at large and for serving the Nation by achieving self-reliance and developing capacity to design and build Launch Vehicles and Communication/Remote Sensing Satellites and thereafter launch them.

**2. इसरो मुख्यालय में स्थित सिविल अभियांत्रिकी कार्यक्रम कार्यालय (सी.ई.पी.ओ.) तथा विभिन्न इसरो के केंद्रों/यूनिटों में स्थित निर्माण एवं अनुरक्षण प्रभाग (सी.एम.डी.) को भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए सभी भू-आधारित संरचनाओं, भवनों और संबंधित सुविधाओं की योजना, डिजाइन, निर्माण तथा रखरखाव की जिम्मदारी दी गई है।**

**The Civil Engineering Programme Office (CEPO) at ISRO Headquarters, Bengaluru and Construction and Maintenance Division (CMDs) located at various ISRO Centres/Units are responsible for planning, design, construction and maintenance of all ground based structures, buildings and associated facilities to cater to the Indian Space Programme.**

3. इसरो निम्नलिखित विषयों (i) सिविल, (ii) विद्युत (iii) प्रशीतन एवं वातानुकूलन तथा (iv) वास्तुकला में युवा स्नातकों को इसरो के संघटक केंद्रों (समूह 'क' राजपत्रित पद) तथा स्वायत्त निकायों (समूह 'क' अराजपत्रित पद) में वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' के पद का प्रस्ताव देता है:

ISRO offers the position of Scientist/Engineer `SC' (Group 'A' Gazetted Post) in constituent Centres/Units and Group 'A' (Non-Gazetted Post) in Autonomous Bodies in Level 10 of Pay Matrix to the young graduates in the disciplines of (i) Civil; (ii) Electrical; (iii) Refrigeration and Air Conditioning and (iv) Architecture.

| पद कोड सं. Post Code No. | पदनाम Name of the Post | रिक्तियों की सं. No. of vacancies | आरक्षण स्थिति Reservation status | शैक्षणिक अर्हता Educational qualification |
|---|---|---|---|---|
| बी.ई. / BE004 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (सिविल) Scientist/Engineer 'SC' (Civil) | 18 | अना./UR – 07, अ.वि.व./OBC – 04, अ.जा./SC – 04, अ.ज.जा./ST – 01, आ.क.व./EWS – 02 (उपर्युक्त में से, 1 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी. (श्रेणी-ख), [बैकलॉग] के लिए चिह्नित है। Out of the above, 1 vacancy is identified for PwBD [Category-B], [Backlog]) | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ सिविल अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष। BE/ B.Tech or equivalent in Civil Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10 |
| बी.ई. / BE005 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (विद्युत) Scientist/Engineer 'SC' (Electrical) | 10 | अना./UR – 03, अ.वि.व./OBC – 02, अ.जा./SC – 02 (1-बैकलॉग/backlog), अ.ज.जा./ST - 01, आ.क.व./EWS – 02] | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ इलेक्ट्रिकल अभियांत्रिकी या इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिकी अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष। BE/ B.Tech or equivalent in Electrical Engineering OR Electrical and Electronics Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10 |
| बी.ई. / BE006 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (प्रशीतन एवं वातानुकूलन) Scientist/Engineer 'SC' (Refrigeration & Air Conditioning) | 9 | अना./UR – 04, अ.वि.व./OBC – 02, अ.जा./SC – 03 (1-बैकलॉग/backlog) [उपर्युक्त में से, 1 रिक्ति पी.डब्ल्यू.बी.डी. (श्रेणी-ख.), (बैकलॉग) के लिए चिह्नित है। Out of the above, 1 vacancy is identified for PwBD (Category-B), (Backlog)] | न्यूनतम 65% अंकों या 6.84/10 सी.जी.पी.ए. के साथ किसी भी सेमेस्टर में वातानुकूलन एवं प्रशीतन या चयनित विषयों के रूप में या मुख्य विषय के रूप में संबंधित विषयों के साथ यांत्रिक अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष। BE/B.Tech or equivalent in Mechanical Engineering with Air Conditioning & Refrigeration or allied subjects as electives or as a core subject in any of the semesters, with an aggregate minimum of |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | 65% marks or CGPA 6.84/10 |
| बी.ई. / BE007 | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (वास्तुकला) Scientist/Engineer 'SC' (Architecture) | 1 | अना./UR - 01 | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ वास्तुकला में स्नातक उपाधि तथा वास्तुकला परिषद का पंजीकरण प्रमाण-पत्र। Bachelor degree in Architecture with an aggregate minimum of 65% or CGPA 6.84/10 and Valid Registration Certificate with Council of Architecture. |
| बी.ई. / BE004A | वैज्ञानिक/अभियंता 'एस.सी.' (सिविल)-स्वायत्त निकाय (पी.आर.एल.) Scientist/Engineer 'SC' (Civil) – Autonomous Body [PRL] | 1 | अना./UR – 01 | न्यूनतम 65% अंकों या सी.जी.पी.ए. 6.84/10 के साथ सिविल अभियांत्रिकी में बी.ई./बी.टेक. या समकक्ष। BE/ B.Tech or equivalent in Civil Engineering with an aggregate minimum of 65% marks or CGPA 6.84/10 |

अना./UR-अनारक्षित/Unreserved; अ.पि.व./OBC –अन्य पिछड़ा वर्ग/Other Backward Classes; अ.जा./SC – अनुसूचित जाति/Scheduled Caste; अ.ज.जा./ST –अनुसूचित जनजाति/Scheduled Tribe, आ.क.व./EWS – आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग/Economically Weaker Sections; श्रेणी-ख (श्रवण बाधा/श्रवण दिव्यांग)/ Category 'B' [Deaf, Hard Hearing, Hearing Handicapped]

दोनों पीडब्ल्यू.बी.डी. रिक्तियाँ (बी.ई.004 एवं. बी.ई.006) एस.डी.एस.सी. शार, श्रीहरिकोटा में तैनाती हेतु चिह्नित हैं।
Both the PwBD vacancies (BE004 & BE006) are identified for posting at SDSC SHAR, Sriharikota.

बैकलॉग रिक्तियाँ: यदि दिव्यांगता की अधिसूचित श्रेणी के लिए अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है, तो पद दिव्यांगताओं की पाँच श्रेणियों में से अदला-बदली द्वारा भरी जा सकती है। अतः सभी पी.डब्ल्यू.बी.डी. अभ्यर्थियों को आवेदन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाता है। यदि दिव्यांगता की किसी भी श्रेणी में उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध नहीं है, तो पद (केवल बी.ई.004 एवं बी.ई.006) को दिव्यांग व्यक्ति की तुलना में अन्य से नियुक्ति द्वारा भरा जाएगा।
Backlog Vacancies: If suitable candidates with the notified category of disability are not available, the post may be filled by interchange among the five (05) categories of disabilities. Hence, all PwBD candidates are encouraged to apply. In case, no suitable person with any category of disability is available, then the Post (BE004 and BE006 only) will be filled by Appointment of a person other than a person with disability.

**नोट:** विश्वविद्यालय द्वारा यथानिर्धारित पाठ्यक्रम की निर्दिष्ट अवधि के अंदर स्नातक पूरा किया होना चाहिए। शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में उपर्युक्त पाठ्यक्रम पूरा करने वाले अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं, बशर्ते कि अंतिम डिग्री 31.08.2025 तक उपलब्ध हो जाए और उसका समग्र योग अंक 65% या 6.84/10 सी.जी.पी.ए. हो (सभी सेमेस्टरों का औसत, जिसके परिणाम उपलब्ध हैं)।
**NOTE:** Graduation should have been completed within the stipulated duration of the course as prescribed by the University. Candidates who are going to complete the above course in the academic year 2024-25 are also eligible to apply, provided final degree is available by 31-08-2025 and their aggregate is 65% marks or CGPA 6.84/10. (Average of all semesters for which results are available.

<table>
<tr><td colspan="2">जहाँ विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण-पत्र या समेकित अंक-पत्र में सी.जी.पी.ए. और अंक दोनों का उल्लेख करता है, तो कम-से-कम एक मानदंड (या सी.जी.पी.ए. या प्रतिशतता) अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडों के अनुरूप हो;<br>Where a University mentions both CGPA and percentage of marks in its Degree Certificate or Consolidated Mark-sheet, then at least one criteria (either CGPA or percentage) should meet DOS/ISRO's eligibility norms;</td></tr>
<tr><td colspan="2">जहाँ विश्वविद्यालय अपने उपाधि प्रमाण-पत्र या समेकित अंक-पत्र में केवल सी.जी.पी.ए. का उल्लेख करता है, तो आवश्यक रूप से उल्लेखित सी.जी.पी.ए. अं.वि./इसरो के पात्रता मानदंडों के अनुरूप हो। पात्रता निर्धारित करने के लिए सी.जी.पी.ए. का अंक प्रतिशत में रूपांतरित करने की अनुमति नहीं है, भले ही संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा रूपांतरण सूत्र दिया गया हो। यही मानदंड यथावश्यक परिवर्तन सहित उन मामलों में भी लागू होता है, जहाँ उपाधि प्रमाण-पत्र/समेकित अंक-पत्र में केवल अंक प्रतिशत दर्शाया गया है।<br>Where a University mentions only CGPA in its Degree Certificate or Consolidated Mark-sheet, then the CGPA so mentioned should necessarily meet DOS/ISRO's eligibility criteria. Conversion of CGPA into percentage of marks is not permitted to determine eligibility, regardless of whether any conversion formula is prescribed by the University/Institution concerned. The same criteria apply mutatis mutandis in cases where only percentage of marks is mentioned in the Degree Certificate/Consolidated Mark-sheet.</td></tr>
<tr><td colspan="2">यदि द्वि/समेकित उपाधि कार्यक्रम है/In case of Dual/Integrated Degree programmes:</td></tr>
<tr><td>क/a)</td><td>जहाँ द्वि/समेकित उपाधि प्रमाण-पत्र में स्नातक और स्नातकोत्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता अलग से दर्शायी गई है, वहाँ स्नातक स्तर के लिए सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता की गणना की जाएगी;<br>Where a CGPA/Percentage for Graduation and Post-Graduation is mentioned separately in the Dual/Integrated Degree Certificate, CGPA/percentage for the graduation level will be reckoned</td></tr>
<tr><td>ख/b)</td><td>जहाँ अध्ययन के संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए लागू समान सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही द्वि/समेकित उपाधि प्रमाण-पत्र में दर्शाया गया है, वहाँ अध्ययन के पूरे पाठ्यक्रम के लिए यथा लागू द्वि/समेकित उपाधि प्रमाण-पत्र में दर्शायी अंतिम सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही पात्रता निर्धारण के लिए आधार माना जाएगा;<br>Where a common CGPA/percentage applicable for the entire course of study is only mentioned in the Dual/Integrated Degree Certificate, the final CGPA/percentage as mentioned in the Dual/Integrated degree Certificate as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility;</td></tr>
<tr><td>ग/c)</td><td>जहाँ विश्वविद्यालय अपने द्वि/समेकित उपाधि प्रमाण-पत्रों में सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता निर्धारित नहीं करता, वहाँ अध्ययन के संपूर्ण पाठ्यक्रम के लिए यथा लागू अंतिम/समेकित अंक-पत्र के अनुसार समग्र सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता को ही पात्रता निर्धारण के लिए आधार माना जाएगा;<br>Where a University does not prescribe any CGPA/percentage in its Dual/Integrated Degree certificates, the cumulative CGPA/percentage as per Final / Consolidated Mark Sheet, as applicable for the entire course of study, will be reckoned for deciding the eligibility;</td></tr>
<tr><td>घ/d)</td><td>उपर्युक्त मानदंड समान रूप से लागू होगा, भले ही विश्वविद्यालय/संस्थान स्नातक/परास्नातक के लिए अपने द्वि/समेकित उपाधि प्रमाण-पत्र में सी.जी.पी.ए./प्रतिशतता निकालने का कोई सूत्र निर्धारित करता है या नहीं;<br>The above criteria will apply uniformly regardless of whether or not a University/Institution prescribes a formula to derive the CGPA/percentage for Graduation/Post Graduation in its Dual /Integrated Degree certificate;</td></tr>
</table>

4. **<u>आयु-सीमा</u>**: 14.07.2025 को 28 वर्ष। (अ.जा./अनु.जा.जा. के अभ्यर्थियों के लिए 33 वर्ष और अ.पि.व. के अभ्यर्थियों के लिए 31 वर्ष, इन श्रेणियों के लिए आरक्षित पदों हेतु)। केंद्र सरकार के सेवारत कर्मचारी, भूतपूर्व सैनिक; दिव्यांग व्यक्ति भारत सरकार के आदेशों के अनुसार आयु में छूट हेतु पात्र हैं।

**Age Limit**: 28 years as on 14.07.2025. (33 years in case of SC/ST candidates and 31 years in case of OBC candidates, against posts reserved for these categories). Serving Central Govt. employees, Ex-Servicemen; Persons with Disabilities, are eligible for age relaxation as per Govt. of India orders.

| | |
|---|---|
| 15.07.1997 या उसके बाद जनमित आ.न./ आ.क.व अभ्यर्थियों | UR/EWS candidates born on or after 15.07.1997 |
| 15.07.1994 या उसके बाद जनमित अ.पि.व. अभ्यर्थियों | OBC candidates born on or after 15.07.1994 |
| 15.07.1992 या उसके बाद जनमित अ.जा./अनु.जा.जा. अभ्यर्थियों | SC/ST candidates born on or after 15.07.1992 |

5. **पी.डब्ल्यू.बी.डी. प्रमाण-पत्र:** बेंचमार्क दिव्यांगता वाले व्यक्तियों के लिए आरक्षित पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय निर्धारित प्रारूप में दिव्यांगता प्रतिशतता को स्पष्ट दर्शाते हुए दिव्यांगता प्रमाण-पत्र की स्व-प्रमाणित प्रति प्रस्तुत करनी चाहिए, जिसे ऐसे चिकित्सीय बोर्ड द्वारा जारी किया गया हो, जिसमें कम-से-कम तीन (03) सदस्य हों और उनमें से एक दिव्यांगता का निर्धारण करने वाला विशेषज्ञ हो तथा इस बोर्ड का गठन विधिवत रूप से केंद्र या राज्य सरकार द्वारा किया गया हो। दिव्यांगताओं की परिभाषा दिव्यांग अधिकार अधिनियम, 2016 की अनुसूची में दी गई है।

**PwBD Certificate:** Candidates applying for the post reserved for PWBD have to submit a self-attested copy of Disability Certificate in the prescribed format at the time of Interview, clearly indicating the percentage of disability, issued by Medical Board consisting of at least three (03) members out of which one shall be a specialist in the particular field for assessing disability, duly constituted by Central or a State Government. The definition of Disabilities are as specified in the schedule of the Rights of Persons with Disabilities Act, 2016.

**आरक्षण हेतु दिव्यांगता का प्रतिशत:** केवल ऐसे व्यक्ति सेवा में/पदों पर आरक्षण के लिए पात्र होंगे, जिनकी प्रासंगिक दिव्यांगता न्यूनतम 40% हो।

**DEGREE OF DISABILITY FOR RESERVATION:** Only such persons would be eligible for reservation in Services/Posts who suffer from not less than 40% of relevant disability.

6. अ.पि.व. श्रेणी हेतु चिह्नित पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास भारत सरकार के अधीन नौकरियों में आरक्षण/छूट हेतु लागू निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि अर्थात् 14.07.2025 के अनुसार वैध अ.पि.व. प्रमाण-पत्र होना चाहिए।

Candidates applying for the posts identified for OBC category should have valid OBC certificate as on last date of receipt of online application i.e.14.07.2025 issued by the Competent Authority in the prescribed proforma applicable for reservation / concessions of jobs under the Government of India.

7. आ.क.व. श्रेणी हेतु चिह्नित पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के पास भारत सरकार के अधीन नौकरियों में आरक्षण/छूट हेतु लागू निर्धारित प्रोफार्मा में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी वैध आय एवं परिसंपत्ति प्रमाण-पत्र (वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु वैध) होना चाहिए।

Candidates applying for the posts identified for EWS category should have valid Income and Asset Certificate (valid for the financial year 2025-2026) issued by the Competent Authority in the prescribed proforma applicable for reservation / concessions of jobs under the Government of India.

8. **आवेदन करने का तरीका**: शर्तों के अधीन अभ्यर्थी एक से अधिक पदों पर आवेदन कर सकते हैं। हालाँकि, एक से अधिक पदों पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों को समान (वही) लिखित परीक्षा केंद्रों का चयन करना चाहिए। अभ्यर्थियों को सभी पदों के लिए आवेदनों हेतु आवेदन शुल्क का अलग-अलग भुगतान करना चाहिए। ऑनलाइन पंजीकरण के लिए आवेदन पत्र 24.06.2025 से 14.07.2025 के बीच इसरो की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार्य होंगे। पंजीकरण करने पर आवेदकों को **ऑनलाइन पंजीकरण संख्या** उपलब्ध कराई जाएगी, **जिसे आगे के संदर्भ के लिए सुरक्षित रखना चाहिए**। आवेदक को आवेदन पत्र में ई-मेल आइ.डी. अवश्य प्रदान करना चाहिए। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14.07.2025 है। एक से अधिक आवदेन प्रस्तुत करने की स्थिति में, आवेदन प्रस्तुति की अंतिम तिथि, अर्थात् 14.07.2025 से पहले प्रस्तुत अद्यतन/अंतिम आवेदन, जिसके लिए भुगतान किया गया है, को अंतिम आबंटन माना जाएगा।

**How to apply:** Candidates may apply for multiple posts, subject to conditions. However, candidates applying for multiple posts should select common (same) written test centres. Candidates have to make application fee payment separately for applications for all the posts. The application for on-line registration will be hosted in the ISRO website between 24.06.2025 and 14.07.2025. Applications will be received on-line only. Upon registration, applicants will be provided with an **on-line Registration Number, which should be carefully preserved for future reference**. E-mail ID of the applicant is to be given in the application compulsorily. The last date for submitting on-line application is 14.07.2025. In case of submission of multiple applications, the latest/last application submitted before the last date of submitting the application i.e .14.07.2025, for which payment is made shall be taken as final.

9. **राष्ट्रीय वृत्ति सेवाएँ (एन.सी.एस.) पोर्टल के अंतर्गत पंजीकृत तथा पात्रता शर्तों को पूरा करने वाले अभ्यर्थी इसरो की वेबसाइट देखें और आवेदन करने के निर्दिष्ट तरीके का अनुसरण करें।**

**The Candidates registered under National Career Services (NCS) portal and fulfilling the eligibility conditions may visit ISRO website and follow the application procedure as stated.**

10. **ऐसे आवेदनों, जो इस विज्ञापन में उल्लिखित आवश्यकताओं के अनुसार नहीं हैं तथा अपूर्ण हैं, ऐसे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।**

**Applications that are not in conformity with the requirements indicated in this advertisement and incomplete applications will not be entertained.**

11. **अनापत्ति प्रमाण-पत्र:** ऐसे अभ्यर्थी, जो पहले से ही केंद्र/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त निकायों इत्यादि में कार्यरत हैं, को साक्षात्कार के समय या इसरो द्वारा बुलाए जाने पर संबंधित नियोक्ता से प्राप्त **'अनापत्ति प्रमाण-पत्र'** प्रस्तुत करना होगा। हालांकि, अभ्यर्थी को नियोक्ता को सूचित करने तथा नियोक्ता की पूर्व अनुमति से ही पद हेतु आवेदन करना चाहिए। यदि कोई अभ्यर्थी पद पर आवेदन करने के पश्चात रोजगार प्राप्त/परिवर्तित करता/करती है, तो नियोक्ता को उसके आवेदन के विवरण के बारे में सूचित करना आवश्यक है तथा साक्षात्कार के समय एन.ओ.सी. प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। यदि कोई अभ्यर्थी, साक्षात्कार के समय एन.ओ.सी. की मूल प्रति प्रस्तुत नहीं कर पाता/पाती है तो, उसे साक्षात्कार देने की अनुमति नहीं दी जाएगी तथा टी.ए. (परिवहन भत्ता) भी नहीं दिया जाएगा।

**No Objection Certificate**: Candidates who are employed under Central/State Government, Public Sector Undertakings, Autonomous Bodies etc. have to submit `**No Objection Certificate**' from the employer concerned, at the time of Interview or as and when called for. However, the candidate should apply for the post only under intimation to and with the prior permission of the employer. A candidate who may gain/change employment after applying for the post, is required to inform the employer the particulars of his/her application and shall mandatorily submit NOC at the time of Interview. Any candidate, who fails to submit NOC in

original at the time of Interview, shall not be permitted to appear in the Interview and TA will not be paid.

12. **आवेदन शुल्क**: सभी पदों के लिए ₹250/-(केवल दो सौ पचास रुपए) का अप्रतिदेय आवेदन शुल्क है। हालाँकि, प्रारंभ में सभी अभ्यर्थियों को प्रॉसेसिंग शुल्क के रूप में प्रति आवेदन समान रूप से ₹750/- (केवल सात सौ पचास रुपये) का भुगतान करना होगा। प्रॉसेसिंग शुल्क केवल उन्हीं अभ्यर्थियों को वापस किया जाएगा, जो लिखित परीक्षा में निम्नानुसार उपस्थित होंगे: -

**Application Fee**: There is a non-refundable Application Fee of ₹250/- ( Rupees Two Hundred and Fifty only) for all the posts. However, initially all candidates have to uniformly pay ₹750/- (Rupees Seven Hundred and Fifty only) per application as processing fee. The processing fee will be refunded only to those candidates who appear in the written test as under:

(i) ₹750/- अर्थात उन अभ्यर्थियों के लिए पूर्ण वापसी, जिन्हें आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है (महिलाएँ, अ.जा. / अ.ज.जा. / पी.डब्ल्यू.बी.डी., भूतपूर्व सैनिक)।
₹ 750/- i.e. refund in full for candidates who are exempted from payment of Application Fee (women, SC/ST/ PwBD and Ex-Servicemen).

(ii) ₹500/- अर्थात, अन्य सभी अभ्यर्थियों के संबंध में आवेदन शुल्क काटने के बाद।
₹ 500/- i.e. after deducting the Application Fee in respect of all other candidates.

शुल्क की वापसी अभ्यर्थी द्वारा आवेदन में प्रदान किए गए बैंक खाते में ही की जाएगी। अतः, अभ्यर्थियों को सही बैंक एवं पूर्ण खाता विवरण अर्थात् खाताधारक का नाम, खाता सं. तथा आई.एफ.एस.सी कोड प्रदान करना आवश्यक है। आई.सी.आर.बी. अभ्यर्थी द्वारा प्रदान किए गए त्रुटिपूर्ण बैंक खाता विवरण के कारण शुल्क वापसी में विफलता हेतु उत्तरदायी नहीं होगा। कृपया नोट किया जाए कि यदि अभ्यर्थी लिखित परीक्षा में शामिल नहीं होता है, तो शुल्क वापसी नहीं की जाएगी। शुल्क के भुगतान हेतु प्लेटफार्म द्वारा लगाया गया सेवा प्रभार, यदि कोई हो, अभ्यर्थी द्वारा वहन किया जाएगा।
Refund of fee shall be made only to the bank account details as provided by the candidate in the application. Hence, Candidates are required to provide correct and complete bank Account details i.e., Account holder name, Account Number and IFSC Code. ICRB shall not be responsible for failure to grant refund due to incorrect bank details provided by the candidate. Please note that refund will not be considered if a candidate fails to appear for the Written Test. Service charges, if any, levied by the platform for payment of fee shall be borne by the Applicant.

जो अभ्यर्थी एक से अधिक पदों के लिए आवेदन करना चाहते हैं, उन्हें अलग से 750/- रुपये का आवेदन शुल्क जमा करना होगा। आवेदन शुल्क केवल भारतकोश पोर्टल के माध्यम से केवल ऑनलाइन मोड के माध्यम से एकत्र किया जाएगा और ऑनलाइन आवेदन जमा करने पर भुगतान करने के लिए लिंक दिखाई देगा। शुल्क का भुगतान निम्नलिखित में से किसी एक तरीके से किया जा सकता है:
Those candidates who are desirous of applying for multiple posts have to separately remit application fee of ₹750/-. The Application fee will be collected only through Online mode via Bharatkosh portal and the link for making the payment will appear on submission of the online application. The fee can be paid using any one of the following modes:

a. इंटरनेट बैंकिंग/Internet Banking
b. यूनीफाइड पेमेंट इंटरफेस (यू.पी.आई.)/Unified Payment Interface (UPI)
c. डेबिट कार्ड (अंतर्देशी)/Debit Cards (Domestic)
d. क्रेडिट कार्ड (अंतर्देशी)/Credit Cards (Domestic)

आवेदन शुल्क का भुगतान किसी अन्य तरीके जैसे नकद प्रेषण, चेक , ड्राफ्ट, मनी ऑर्डर, आई.पी.ओ. आदि से स्वीकार नहीं किया जाएगा। आवेदन पत्र में सभी विवरण पूरी तरह से भरने के बाद, अभ्यर्थियों को भुगतान करने के लिए भारतकोष भुगतान गेटवे पर पुनः निर्देशित किया जाएगा। भुगतान की पुष्टि होने के बाद, अभ्यर्थी को एक

पुष्टिकरण संदेश और ई-मेल प्राप्त होगा। आवेदन शुल्क के भुगतान की अंतिम तिथि 16.07.2025 है। ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 14.07.2025 है ।

Payment of Application Fee in any other form like cash remittance, cheque, draft, money order, IPO, etc. are not accepted. After completely filling up all the details in the application form, candidates will be redirected to BHARATKOSH payment gateway for making payment. Once the payment is confirmed, the candidate will receive a confirmation message and e-mail. The last date of payment of application fee is 16.07.2025. The last date of submitting online application is 14.07.2025.

हालांकि, अभ्यर्थियों को किसी भी अप्रत्याशित लेनदेन विफलताओं/समस्याओं से बचने के लिए 12.07.2025 तक ऑनलाइन भुगतान करने की सलाह दी जाती है। ऑनलाइन भुगतान करने वाले अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें कि लंबित लेनदेन या लेनदेन विफलताओं के लिए इसरो जिम्मेदार नहीं होगा। अभ्यर्थी अपने बैंकों से संपर्क कर सकते हैं और आवेदन शुल्क का सफल भुगतान सुनिश्चित कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के लिए इसरो की वेबसाइट में "Payment Status" लिंक से 'successful payment' सुनिश्चित करना अनिवार्य है। प्रत्येक मामले के लिए अपनाई गई प्रक्रिया नीचे दी गई है:

Candidates are, however, advised to make online payment by 12.07.2025 to avoid any unexpected transaction failures/issues. Candidates making online payment may please kindly note that ISRO shall not be responsible for pending transactions or transaction failures. Candidates may contact their Banks and ensure successful payment of application fee. Ensuring a 'successful payment' from "Payment Status" link in ISRO's website is mandatory for the candidates. The process followed for each case is shown below:

(i) यदि कोई अभ्यर्थी तत्काल आवेदन शुल्क जमा करना चाहता है, तो आवेदन जमा करने के बाद पंजीकरण संख्या दर्शाते हुए उसे एक वेबपृष्ठ दिखाई देगा। उसी वेबपृष्ठ पर **"Make Payment"** बटन मौजूद होगा, जिसे अभ्यर्थी क्लिक कर सकता है और निम्नानुसार भुगतान प्रक्रिया का अनुसरण कर सकता है।

    If a candidate desires to pay application fee immediately then he/she on submitting application will be shown a web page displaying registration number. On the same web page, there exists a **"Make Payment"** button which the candidate may click and follow the payment process as outlined below.

(ii) यदि कोई अभ्यर्थी बाद में शुल्क भुगतान करना चाहता है, तो वह विज्ञापन पृष्ठ में दर्शाए गए लिंक **"Make Payment"** लिंक पर जाकर विज्ञापन की अंतिम तारीख के पूर्व भुगतान कर सकता है। अभ्यर्थी को अपनी पंजीकरण संख्या, जन्म-तिथि भरने के बाद **"Make Payment"** बटन पर क्लिक करना होगा और निम्नानुसार भुगतान प्रक्रिया का अनुसरण करना होगा।

    If the candidate wants to pay the application fee later, then payment can be made any time before closure of the advertisement by accessing the "**Make Payment**" link available in advertisement page. Candidate has to provide Registration number, Date of Birth and later click on the "**Make Payment**" button and follow the payment process as outlined below.

**<u>नोटः</u>** (i) यद्यपि, इसरो द्वारा लिया जाने वाला आवेदन शुल्क सभी भुगतान विधियों के लिए सामान है, परंतु बैंक के प्रभार तथा कर अलग-अलग हो सकते हैं। अतः, यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी दिए गए अनुदेशों का सावधानीपूर्वक अनुपालन करें। नेट बैंकिंग तथा डेबिट कार्ड द्वारा भुगतान के मामले में, अभ्यर्थी द्वारा सफलतापूर्वक भुगतान करने पर उसे इसरो वेब पोर्टल पर पुनः निर्देशित किया जाएगा तथा लेन-देन का ब्यौरा दर्शाने वाला पृष्ठ प्रदर्शित होगा।

**<u>Note:</u>** (i) Though application fee charged by ISRO is same across the payment modes, the bank

charges and taxes may vary. Therefore, candidates are required to carefully follow the instructions shown. In case of Net banking and debit cards payments, the candidate on successful payment will be redirected to ISRO web portal and shown a page displaying transaction details.

(ii) पूरी भुगतान प्रक्रिया के दौरान, कृपया रिफ्रेश या बैक बटन क्लिक न करें अन्यथा पूरी प्रकिया रद्द हो जाएगी।

During entire payment processing do not click REFRESH or BACK button, else session will be aborted.

iii) कृपया भुगतान के तरीके (नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड, आदि) के संबंध में बैंकों/भुगतान गेटवे के अनुदेशों का पालन करें।

Please follow the instructions of the banks/payment gateways with respect to the mode of payment (net banking, debit cards, Credit Card, etc.)

(iv) अभ्यर्थी भुगतान के स्थिति की जाँच **सफलतापूर्वक भुगतान के 24 घंटों के पश्चात** कर सकते हैं एवं रसीद मुद्रित करने हेतु विज्ञापन पृष्ठ में उपलब्ध लिंक "Payment Status" पर देख सकते हैं। अभ्यर्थियों को लंबित या असफल लेनदेन के मामलों में अपने बैंक से संपर्क कर सफल भुगतान सुनिश्चित करने की सलाह दी जाती है।

Candidates can check Payment status **after 24 hrs of their successful payment** and Print Receipt by visiting "Payment Status" link available in advertisement page. In case of pending transactions or transaction failures candidates are advised to contact their Banks and ensure successful payment of application fee.

13. लिखित परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले अभ्यर्थियों को कोई धनराशि वापस नहीं की जाएगी।

Candidates who do not attend the written test will not be refunded with any amount.

14. अभ्यर्थियों को अपने आवेदन प्रस्तुत करने से पहले उनके द्वारा ऑनलाइन रूप से भरे गए सभी फील्डों की जाँच करने की सलाह दी जाती है। अभ्यर्थियों को एक ही पद पर अनेक आवेदन भरने से **बचना चाहिए**।

Candidates are advised to check all the fields entered by them online before submitting their applications. Candidates **should avoid** submission of multiple applications for the same post.

15. आवेदन के साथ (***जे.पी.जी. प्रारूप*** में फोटो एवं हस्ताक्षर के अलावा) कोई भी दस्तावेज अपलोड न करें। हालांकि, इसरो द्वारा जब कभी अभ्यर्थियों से मांगे जाएँ, तब अर्हता, आयु, श्रेणी, नियोक्ता से एन.ओ.सी. इत्यादि के समर्थन में मूल दस्तावेज प्रस्तुत करने चाहिए।

NO DOCUMENTS (EXCEPT PHOTO AND SIGNATURE ***in JPG format***) ARE TO BE UPLOADED ALONG WITH THE APPLICATION. HOWEVER, CANDIDATES SHOULD BE READY TO SUBMIT ORIGINAL DOCUMENTS IN SUPPORT OF QUALIFICATION, AGE, CATEGORY, NOC FROM EMPLOYER ETC. AS AND WHEN CALLED FOR.

16. **चयन प्रक्रिया/Selection Process:**

क) लिखित परीक्षा अहमदाबाद, बेंगलूरु, भोपाल, चैन्नई, गुवाहटी, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नई दिल्ली तथा तिरुवनंतपुरम, जैसे ग्यारह स्थानों पर आयोजित की जाएगी। हालांकि, इसरो के पास लिखित परीक्षा का स्थान रद्द/परिवर्तित करने तथा अभ्यर्थियों को कोई अन्य परीक्षा केंद्र पुनराबंटित करने का अधिकार सुरक्षित है। लिखित परीक्षा हेतु बुलावा पत्र अभ्यर्थियों के केवल पंजीकृत ई-मेल आइ.डी. पर ही भेजे जाएँगे।

Written test will be conducted at eleven venues viz., Ahmedabad, Bengaluru, Bhopal, Chennai, Guwahati, Hyderabad, Kolkata, Lucknow, Mumbai, New Delhi and Thiruvananthapuram. However, ISRO reserves the right to cancel/change the written test

venue and re-allot the candidates to any other test centre. The call letters for written test will be sent only to the registered e-mail ID of candidates.

ख) लिखित परीक्षा हेतु प्रश्नपत्र का प्रारूप/Pattern of the Question Paper for Written Test:

120 मिनट की अवधि (बेंचमार्क दिव्यांगता वाले अभ्यर्थियों के लिए लागू प्रतिपूर्ति समय) के साथ भाग-'क' एवं भाग 'ख', जैसे दो भागों के साथ एकल वस्तुनिष्ठ प्रकार का प्रश्नपत्र।
Single objective type paper consisting of two parts, viz. Part 'A' and Part 'B', with a duration of 120 minutes (with compensation time as applicable for PwBD candidates).

भाग 'क' – क्षेत्र/विषय विशिष्ट भाग – 80 बहु विकल्पीय प्रश्न (एम.सी.क्यू.), प्रत्येक प्रश्न के लिए 1 अंक (+1 तथा -1/3 पैटर्न की अंकन पद्धति)
Part 'A' – Area/Discipline Specific part - Consists of 80 Multiple Choice Questions (MCQs) of 1 mark each (+1 and -1/3 pattern of marking).
भाग 'ख' – अभिक्षमता/क्षमता परीक्षण – इसमें कुल 20 अंकों के 15 बहु विकल्पीय प्रश्न होंगे (ऋणात्मक अंकन नहीं है)।
Part 'B' - Aptitude/Ability Tests – Consists of maximum 15 Multiple Choice Questions (MCQs) totaling to 20 marks (No negative marks).

प्रश्न संख्यात्मक तर्कशक्ति, तार्किक तर्कशक्ति, आरेखीय तर्कशक्ति, सार तर्कशक्ति तथा निगमनात्मक तर्कशक्ति पर आधारित होंगे।
Questions will be based on Numerical Reasoning, Logical Reasoning, Diagrammatic Reasoning, Abstract Reasoning and Deductive Reasoning.

ग) साक्षात्कार / Interview **:**

(i) लिखित परीक्षा में निष्पादन के आधार पर न्यूनतम 10 अभ्यर्थियों के पूर्णयोग के साथ 1:5 के अनुपात पर अभ्यर्थियों की साक्षात्कार के लिए छँटनी की जाएगी।
Based on performance in the written test, candidates will be short-listed for Interview in the ratio of 1:5, with an aggregate minimum of 10 candidates.

(ii) अनारक्षित श्रेणी के तहत छँटनी किए गए आरक्षित अभ्यर्थी, यदि कोई, पर ध्यान दिए बगैर, आरक्षित रिक्तियों के लिए 1:5 (अधिकतम) के अनुपात पर विशिष्ट/अतिरिक्त अभ्यर्थियों की छँटनी की जाएगी।
For reserved vacancies, distinct/additional candidates will be short-listed in the ratio of 1:5 (maximum), without regard to the reserved candidates if any, short-listed under UR category;

(iii) अंकों का आबंटन / Allocation of marks :

| क्र. सं.<br>Sl. No. | विशेषता / Attribute | अंक आबंटन / Marks Allocation |
|---|---|---|
| 1 | तकनीकी (शैक्षणिक) ज्ञान<br>Technical (Academic) Knowledge | 40 |
| 2 | विशेषज्ञता के क्षेत्र से संबंधित सामान्य जागरूकता (तकनीकी)<br>General Awareness in relevance to the area of specialization (Technical) | 20 |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | प्रस्तुति/संचार कौशल<br>Presentation/Communication Skill | 20 |
| 4 | बोध / Comprehension | 10 |
| 5 | शैक्षणिक उपलब्धियां / Academic Achievements<br><br>• संस्थान का प्रकारः एन.आई.आर.एफ. की शीर्ष 20 रैकिंग वाले आई.आई.टी., आई.आई.एस.सी., एन.आई.टी. एवं संस्थान /Institute type IITs, IISc, NIT & Institutes with NIRF top 20 ranking — 3 अंक /marks<br>अन्यथा /Else — शून्य/ NIL<br>• शैक्षणिक निष्पादन / Academic Performance:<br>o सी.जी.पी.ए./CGPA ≥9 , प्रतिशत/Percentage ≥ 85% — 4 अंक/ marks<br>o सी.जी.पी.ए./CGPA 7.5 से 9- प्रतिशत/Percentage 71 -85%CGPA 7.5 to 9/ Percentage 71 - 85% — 2 अंक/ marks<br>o अन्य /Other — शून्य /NIL<br>• संस्थान द्वारा अभ्यर्थियों को दी जाने वाली रैंक (1 से 3)/Rank if any awarded to the candidates by the institute (1 to 3) — 3 अंक/ marks<br>अन्यथा /Else — शून्य/ NIL | 10 |
| | कुल अंक / Total marks | 100 |

d) अर्हता मानदंड / Qualifying Criteria :

| श्रेणी<br>Category | लिखित परीक्षा<br>Written Test | साक्षात्कार<br>Interview | पूर्ण योग<br>Aggregate |
|---|---|---|---|
| अनारक्षित एवं आ.क.व<br>UR & EWS | भाग 'क' एवं 'ख' प्रत्येक में 50%<br>50% each in Part A & B | 50/100 अंक/Marks | 60% |
| यदि पद केवल आरक्षित है तो, आरक्षित अभ्यर्थी (अ.जा./अ.ज.जा./अ.पि.व./ पी.डब्ल्यू.बी.डी.)<br>Reserved candidates (SC/ST/OBC/PwBD), only if a post is reserved | भाग 'क' एवं 'ख' प्रत्येक में 40%<br>40% each in Part A & B | 40/100 अंक/Marks | 50% |

e) पैनल तैयार करने में भारांक / Weightage in Panel Generation

अंतिम पैनल के तैयार के लिए लिखित परीक्षा के अंकों को 50% तथा साक्षात्कार के अंकों को 50% का भारांक दिया जाएगा।

For generation of the final panel, 50% weightage will be given to Written Test marks and 50% weightage to Interview marks.

f) अंतिम पैनल बनाने के दौरान बराबरी की स्थिति में, अभ्यर्थियों की परस्पर मेरिट निम्नलिखित टाई-ब्रेकरों के आधार पर निर्धारित की जाएगी, जिन्हें एक के बाद एक लागू किया जाएगा।
In the event of tie during the final empanelment, the inter-se merit of candidates will be decided based on the following tie-breakers to be applied one after the other.
   (i) लिखित परीक्षा में प्राप्त अंक
   Marks scored in the Written Test.
   (ii) अनिवार्य अर्हता में प्राप्त अंक
   Marks scored in the essential qualification.
   (iii) जन्म तिथि, अधिक उम्र के अभ्यर्थियों को उच्च पदक्रम में रखते हुए
   Date of Birth, with older candidates placed higher.

17. **वेतन एवं भत्ते:** चयनित अभ्यर्थियों को वेतन मैट्रिक्स के स्तर 10 में वैज्ञानिक/अभियंता-एस.सी. के पद पर नियुक्त किया जाएगा तथा प्रति माह न्यूनतम ₹56,100/- मूल वेतन दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, उपर्युक्त विषय पर मौजूदा नियमों के अनुसार महँगाई भत्ता (डी.ए.), मकान किराया भत्ता (एच.आर.ए.) तथा परिवहन भत्ता देय होगा। कर्मचारियों को नई पेंशन योजना में शामिल किया जाएगा। इसके अलावा स्वयं एवं आश्रितों के लिए चिकित्सा सुविधाएँ, रियायती दर पर कैंटीन सुविधा, सीमित आवास सुविधा (एच.आर.ए. के एवज में), छुट्टी यात्रा रियायत, समूह बीमा, मकान बनाने हेतु अग्रिम इत्यादि केंद्रीय सरकार के आदेशानुसार दिया जाएगा।

**Pay and Allowances**: Selected candidates will be appointed as Scientist/Engineer 'SC' in Level 10 of Pay Matrix and will be paid minimum basic pay of ₹56,100/- p.m. In addition, Dearness Allowance [DA], House Rent Allowance [HRA] and Transport Allowance are payable as per extant rules on the subject. The employees will be governed by the New Pension Scheme. Further, medical facilities for self and dependents, subsidised canteen, limited quarters facility (in lieu of HRA), Leave Travel Concession, Group Insurance, House Building Advance, etc. are admissible as per Central Government orders.

18. **अन्य शर्तें/निर्देश/Other Conditions/Instructions**:

- केवल भारतीय नागरिक ही आवेदन करें।
  Only Indian nationals need apply.

- नियुक्त अभ्यर्थियों को भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन/अंतरिक्ष विभाग के किसी भी केंद्र/यूनिट में तैनात किया जा सकता है।
  The appointees are liable to be posted in any of the Centres/Units of the Indian Space Research Organisation/Department of space.

- उन्हें आवश्यकता के आधार पर किसी भी समय ऐसे किसी भी केंद्र/यूनिट में स्थानांतरित किया जा सकता है।
  They are also liable to be transferred to any such Centre/Unit at any point of time on need basis.

- निर्दिष्ट रिक्तियों की संख्या अनंतिम है। इसरो के पास आवश्यकतानुसार रिक्तियों की संख्या बढ़ाने/घटाने का अधिकार सुरक्षित है।
  The number of vacancies indicated is provisional. ISRO reserves the right to increase/decrease the number of vacancies, as per the requirement.

- पद अस्थायी हैं, परंतु जारी रहने की संभावना है।

The posts are temporary, but likely to continue.

- इसरो के केंद्रों /यूनिटों के विवरण के लिए कृपया http://www.isro.gov.in/isro_centres.html देखें।
  For details of ISRO Centres/Units, please visit http://www.isro.gov.in/isro_centres.html.

- साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को ऑनलाइन आवेदन में साक्षात्कार के स्थान पर इंगित किए गए शहर से सबसे छोटे मार्ग से आने-जाने हेतु द्वितीय श्रेणी के रेल किराए का भुगतान किया जाएगा (इस उद्देश्य के लिए पते तथा शहर में परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा)।
  Candidates attending the Interview will be reimbursed to and fro second-class train fare by the shortest route from the city indicated in the on-line application form to the place of Interview (change of address and city for the purpose will not be entertained).

- अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के समय आवेदनों में ऑनलाइन रूप से भरे गए विवरणों के प्रमाण में सभी मूल दस्तावेजों को प्रस्तुत करना होगा।
  Candidates have to produce all original documents in proof of details furnished in their applications submitted on-line, at the time of Interview.

- यदि ऑनलाइन भरी गई कोई जानकारी गलत पायी जाती है, तो अभ्यर्थी का साक्षात्कार नहीं लिया जाएगा तथा टी.ए. का भी भुगतान नहीं किया जाएगा।
  If any information furnished on-line is found to be false, the candidate will not be allowed for the Interview and TA will not be paid.

- लिखित परीक्षा में उपस्थित होने के लिए कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।
  No TA will be paid for attending the Written Test.

- इसरो यदि चाहे तो, कोई भी पद या सभी पद न भरने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
  ISRO reserves the right not to fill up all or any of the posts, if it so desires.

- किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण के मामले में, अभ्यर्थी विज्ञापन के प्रति इसरो की वेबसाइट पर अपलोड किए गए अक्सर पूछे गए प्रश्नों का संदर्भ ले सकते हैं तथा यदि फिर भी संदेह की स्थिति बनी रहती है, तो **rmt-icrb@isro.gov.in** को ई-मेल भेजें। विज्ञापन/एफ.ए.क्यू. में पहले से ही उपलब्ध जानकारी के बारे में तथा सारहीन प्रश्नों के उत्तर नहीं दिए जाएँगे।
  In case of any clarification, candidates may refer to the FAQs uploaded in the ISRO website against the advertisement and if the doubt still persists, send e-mail to **rmt-icrb@isro.gov.in**. Queries about information already available in the Advertisement/FAQs and Frivolous queries will not be replied to.

- **अभ्यर्थी को आगे सभी पत्राचार केवल उसके पंजीकृत ई-मेल आईडी/ इसरो वेबसाइट के माध्यम से ही किए जाएँगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से अपने ई-मेल (स्पैम/जंक फ़ोल्डर सहित) देखते रहें और समय-समय पर इसरो वेबसाइट देखें। इसरो उपर्युक्त रूप से भेजी गई/प्रदान की गई किसी भी सूचना के प्राप्त न होने के लिए जिम्मेदार नहीं होगा और इस मामले पर किसी भी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।**

- **<u>All further communications to the candidate shall be through his / her registered e-mail ID / ISRO website only. The candidates are advised to check their e-mail (including spam/ junk folders) regularly and visit ISRO website from time to time. ISRO will not be responsible for non-receipt of any intimation sent/provided as afore-said, and no representation on the matter will be entertained.</u>**

- **सरकार कर्मचारियों के बीच लिंग संतुलन बनाए रखने में प्रयासरत है, और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रेरित करती है।**
  **Government strives to have a workforce which reflects gender balance and women candidates are encouraged to apply.**

- **किसी भी प्रकार के प्रचार को अयोग्यता माना जाएगा।**
- **CANVASSING IN ANY FORM WILL BE A DISQUALIFICATION**

19. यह अभ्यर्थी का पूर्ण उत्तरदायित्व है कि वह यह सुनिश्चत करे कि वह अधिसूचना के अनुसार पात्रता मानदंड को पूरा करता/करती है तथा उसने प्रक्रियात्मक आवश्यकताओं तथा ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु निर्दिष्ट समय-सीमा तथा आवेदन शुल्क के प्रेषण का पूरा अनुपालन किया है। अधिसूचना में दी गई प्रक्रियाओं में किसी भी प्रकार का विचलन अभ्यर्थिता को रद्द करेगा तथा उस मामले पर किसी भी प्रकार के अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

It is the absolute responsibility of the candidate to ensure that he/she fulfills the eligibility criteria as notified and has fully complied with the procedural requirements and time limits stipulated for submission of on-line application and remittance of application fee. Any deviations from the procedures notified would result in cancellation of candidature and no representation on the matter will be entertained.

20. ***इस अधिसूचना के हिंदी संस्करण से संबंधित यदि कोई संदिग्धता/विवाद उत्पन्न होता है, तो अंग्रेजी संस्करण में दिए गए विस्तृत अनुदेश अंतिम होंगे।***

***In case of any ambiguity/dispute arises on account of interpretation of Hindi version of this notification, instructions detailed in the English version shall be final.***

21. लिखित परीक्षा के तीन कार्यदिवसों के अंदर उत्तर-कुंजियां इसरो की वेबसाइट पर प्रकाशित की जाएँगी। अभ्यर्थी लिखित परीक्षा के पश्चात प्रदान की गई लिंक के माध्यम से ही वैध औचित्य के साथ वेबसाइट में उत्तर कुंजियों के प्रकाशन से 5 दिनों के अंदर आपत्ति, यदि कोई, दर्शा सकता/सकती है। इस अवधि के पश्चात अथवा किसी अन्य माध्यम से प्राप्त आपत्तियां, यदि कोई, पर किसी भी स्थिति में विचार नहीं किया जाएगा।

The Answer Keys will be published on the ISRO Web-site within three working days of the Written Test. The candidates may raise objections with valid justifications, if any, within 5 days of publishing the answer keys in the web-site, ONLY through the link that shall be provided after the Written Test. Objections, if any, received thereafter or through any other modes will not be considered under any circumstances.

**याद रखने योग्य महत्वपूर्ण तिथियाँ/Important dates to remember:-**

ऑनलाइन पंजीकरण का प्रारंभ तिथि/Opening date for on-line registration - 24.06.2025
ऑनलाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि/Closing date for on-line registration - 14.07.2025

शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि/Last date for payment of fee - 16.07.2025

**अपने आवेदन की अद्यतन स्थिति की जानकारी के लिए इसरो वेबसाइट www.isro.gov.in देखें।**

**VISIT ISRO WEB-SITE www.isro.gov.in FOR LATEST UPDATES ON THE STATUS OF YOUR APPLICATION**